About us

उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार अपने कार्मिकों की दक्षता एवं कौशल में वृद्धि हेतु अपने स्थापना के समय से ही निरन्तर प्रशिक्षण कार्यों में संलग्न है। प्रशिक्षण संस्थान में विभागीय तथा बाहरी राज्यों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्थान में सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित कार्मिकों हेतु मूल-भूत प्रशिक्षण, पदोन्नति हेतु प्रशिक्षण एवं मृतक आश्रित के रुप में सेवायोजित कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्थान में आवश्यकतानुसार राजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन एवं पुलिस की अन्य शाखाओं के अनुरोध पर कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित किये जाते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान में कार्मिकों के अद्यावधिक प्रशिक्षण हेतु वातानुकूलित व्याख्यान कक्षों, प्रयोगशालाओं, मॉडल कन्ट्रोल रुम इत्यादि की व्यवस्था के साथ उन्नत तकनीक पर आधारित उपकरण भी उपलब्ध कराये गये हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी नये सिरे से तैयार किये गये हैं।